C. S. (Main) Exam : 2011

C-DTN-L-FDA

# ECONOMICS

## Paper I

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 300

### INSTRUCTIONS

*Each question is printed both in Hindi and in English.*

*Answers must be written in the medium specified in the Admission Certificate issued to you, which must be stated clearly on the cover of the answer-book in the space provided for the purpose. No marks will be given for the answers written in a medium other than that specified in the Admission Certificate.*

*Candidates should attempt Questions no.* **1** *and* **5** *which are compulsory, and any* **three** *of the remaining questions selecting at least* **one** *question from each Section.*

*The number of marks carried by each question is indicated at the end of the question.*

*Graphs/illustrations, wherever required, may be done in the answer-book itself.*

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस प्रश्न-पत्र के पिछले पृष्ठ पर छपा है ।

## SECTION A

1. Answer the following in not more than 200 words each : *20×3=60*

   (a) Elucidate how does Kalecki's theory of distribution share the value of output between labour and capital.

   (b) The marginal efficiency of capital together with the current rate of interest determine the profitability of an investment project. How does it help in the selection of an investment project ?

   (c) Is Friedman's quantity theory of money close to Classical or Keynesian approach to the aggregate demand for money ? Give justifications for your arguments.

2. (a) The 'non-rival nature' of social goods consumption has important bearing on efficient resource allocation. Explore the problem with the examples and diagrams. *20*

   (b) How does the burden of tax distribution between buyers and sellers in the ratio of elasticity of demand and that of supply take place ? *20*

   (c) 'Monetarists are of the view that only money does and Keynesians believe that money does not matter.' What is your reasoning of the extreme views held by the monetarists and the Keynesians ? *20*

## खण्ड क

1. निम्नलिखित के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक 200 शब्दों से अधिक में नहीं होना चाहिए :

*20×3=60*

(क) विस्तार से सुस्पष्ट कीजिए कि कलेकी की वितरण की थियोरी श्रम और पूँजी के बीच निर्गम (आउटपुट) के मूल्य का किस प्रकार से अंशनिर्धारण करती है ।

(ख) पूँजी की सीमांत दक्षता, ब्याज की चालू दर के साथ मिल कर, किसी भी निवेश परियोजना की लाभकारिता का निर्धारण करती है । यह बात निवेश परियोजना के चयन में किस प्रकार से सहायक होती है ?

(ग) क्या मुद्रा की फ्रीडमैन की मात्रा थियोरी द्रव्य के लिए संपूर्ण माँग के चिरसम्मत या कींसवादी उपागम के निकट है ? अपने तर्कों के पक्ष में दलीलें पेश कीजिए ।

2. (क) सामाजिक वस्तुओं की खपत की 'अ-प्रतिद्वंद्वी प्रकृति' का दक्ष संसाधन नियतन के साथ महत्त्वपूर्ण सम्बन्ध है । उदाहरणों और रेखाचित्रों की सहायता से, इस समस्या की खोज कीजिए ।

*20*

(ख) क्रेताओं और विक्रेताओं के बीच कर आबंटन का बोझ किस प्रकार माँग की लोच और पूर्ति की लोच के अनुपात में होता है ?

*20*

(ग) 'मुद्रावादियों के विचार में केवल मुद्रा का ही महत्त्व होता है और कींसवादियों का विश्वास है कि मुद्रा का महत्त्व नहीं होता है ।' मुद्रावादियों और कींसवादियों के द्वारा धारण किए हुए चरम विचारों के सम्बन्ध में आपकी क्या तर्कणा है ?

*20*

3. (a) What is the difference between horizontal equity and vertical equity while considering ability to pay ? How should the problem be resolved ? Illustrate graphically. *20*

(b) What is 'liquidity trap' ? How does it occur ? Illustrate. *20*

(c) Would the introduction of automatic teller machines, which allows people to withdraw cash from banks as needed, make deposits more inconvenient and affect the money supply ? Elucidate. *20*

4. (a) How do the small trading nations share the gains from trade which occur as a consequence of gains from exchange and gains from specialisation ? *20*

(b) If all assumptions hold true, how does trade between nations tend to bring about equalisation of factor prices ? *20*

(c) How does portfolio balance approach differ from monetary approach in determining the exchange rate ? *20*

3. (क) अदायगी योग्यता पर विचार करते समय क्षैतिज साम्या और ऊर्ध्वाधर साम्या के बीच क्या अंतर होता है ? इस समस्या का किस प्रकार समाधान निकालना चाहिए ? इस बात को ग्राफीय रूप से सुस्पष्ट कीजिए । 20

(ख) 'तरलता पाश' से क्या तात्पर्य है ? यह किस प्रकार घटित होता है ? उदाहरणों सहित सुस्पष्ट कीजिए । 20

(ग) क्या स्वचालित टैलर मशीनों को, जो बैंकों से आवश्यकतानुसार नकदी को निकालने की सुविधा प्रदान करती हैं, आरंभ करने से जमाओं को असुविधाजनक बना देगा और मुद्रा पूर्ति पर प्रभाव डालेगा ? विस्तारपूर्वक स्पष्ट कीजिए । 20

4. (क) लघु व्यापारी राष्ट्र विनिमय से प्राप्त होने वाले लाभों और विशेषीकरण से होने वाले लाभों के फलस्वरूप घटित होने वाले व्यापार से प्राप्त लाभों का किस प्रकार अपना-अपना हिस्सा प्राप्त कर लेते हैं ? 20

(ख) यदि सभी अभिगृहीत सही हों, तो राष्ट्रों के बीच व्यापार में, किस प्रकार उपादान कीमतों का समकरण उत्पन्न करने की प्रवृत्ति होती है ? 20

(ग) विनिमय दर का निर्धारण करने में, पोर्टफोलियो संतुलन उपागम (पोर्टफोलियो बैलेंस ऐप्रोच) किस प्रकार से मौद्रिक उपागम से भिन्न होता है ? 20

## SECTION B

5. Answer the following in not more than 200 words each : *20×3=60*

   (a) What do the following terms signify in structural transformation and growth ?

   (i) Kuznets' U-shaped curve

   (ii) Environmental Kuznets curve

   (iii) N-shaped Kuznets curve in the long-run

   (b) How can the structural independence between A-sector and K-sector in the dualistic economy foster growth in the absence of external stimuli ?

   (c) Compare Human Development Index (HDI) with Human Poverty Index (HPI) as a measure of development. How is the Human Poverty Index different from the Happy Planet Index ?

6. (a) Why do energy elasticities tend to unity in industrially advanced countries ? *20*

   (b) What are the negative externalities of high energy coefficients ? *20*

   (c) How is subsidy better than tariff to achieve domestic objectives ? *20*

## खण्ड ख

5. निम्नलिखित के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक 200 शब्दों से अधिक में नहीं होना चाहिए : *20×3=60*

(क) संरचनात्मक रूपांतरण और संवृद्धि में निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों का क्या अभिप्राय है ?

(i) कुज़नेट्स का अंग्रेज़ी U की आकृति का वक्र

(ii) पर्यावरणीय कुज़नेट्स का वक्र

(iii) अंततोगत्वा अंग्रेज़ी N की आकृति का कुज़नेट्स का वक्र

(ख) द्वैतवादी अर्थव्यवस्था में, बाह्य उद्दीपकों की अनुपस्थिति में, A-सैक्टर और K-सैक्टर के बीच संरचनात्मक स्वतंत्रता किस प्रकार संवृद्धि का पोषण कर सकती है ?

(ग) विकास के माप के रूप में मानव विकास सूचकांक (एच.डी.आई.) का मानव निर्धनता सूचकांक (एच.पी.आई.) से तुलना कीजिए । मानव निर्धनता सूचकांक, खुश ग्रह सूचकांक से किस प्रकार भिन्न है ?

6. (क) औद्योगिक रूप से उन्नत देशों में, क्या कारण है कि ऊर्जा लोचों में इकाई तक पहुँचने की प्रवृत्ति होती है ? 20

(ख) उच्च ऊर्जा गुणांकों की ऋणात्मक बाह्यताएँ क्या-क्या हैं ? 20

(ग) घरेलू उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए, सहायिकी (सब्सिडी) प्रशुल्क से किस प्रकार बेहतर होती है ? 20

7. (a) How does the policy mix of fiscal and monetary policies maintain equilibrium in balance of payments and full employment ? *20*

   (b) How is warranted growth different from natural rate of growth ? Explain why Harrod's growth model is called 'knife-edge'. *20*

   (c) In the contemporary world of perfect capital mobility and fixed exchange rates, why is the monetary policy ineffective to maintain equilibrium ? *20*

8. (a) How does Solow incorporate investment in education in the growth model to achieve long-run growth ? *20*

   (b) What are the objectives of National Environment Policy, 2006 ? *20*

   (c) What are India's gains under WTO regime with respect to

      (i) Service sector,

      (ii) Globe-Hex model ? *20*

7. (क) राजकोषीय और मौद्रिक नीतियों का नीति-मिश्रण, अदायगी संतुलन और पूर्ण रोज़गार में किस प्रकार साम्यावस्था बनाए रखता है ? 20

(ख) अभीष्ट संवृद्धि दर, संवृद्धि की प्राकृतिक दर से किस प्रकार भिन्न होती है ? समझाइए कि हैरोड के संवृद्धि मॉडल को 'छुरी की धार' क्यों कहा जाता है । 20

(ग) पूर्ण पूँजी गतिशीलता और नियत विनिमय दरों के समकालीन विश्व में, क्या कारण है कि मौद्रिक नीति साम्यावस्था बनाए रखने में अप्रभावी है ? 20

8. (क) दीर्घकालीन संवृद्धि को प्राप्त करने के लिए, संवृद्धि मॉडल में, सोलो शिक्षा में निवेश का किस प्रकार से समावेशन करता है ? 20

(ख) राष्ट्रीय पर्यावरण नीति, 2006 के क्या-क्या उद्देश्य हैं ? 20

(ग) निम्नलिखित के सम्बन्ध में, विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यू.टी.ओ.) की शासन-प्रणाली के अधीन भारत के क्या लाभ हैं ?

(i) सेवा क्षेत्रक

(ii) ग्लोब-हैक्स मॉडल 20

C-DTN-L-FDA

# अर्थशास्त्र

## प्रश्न-पत्र I

समय : तीन घण्टे

पूर्णांक : 300

### अनुदेश

*प्रत्येक प्रश्न हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपा है ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख उत्तर-पुस्तक के मुख पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्रवेश-पत्र पर उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं । बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*प्रत्येक प्रश्न के लिए नियत अंक प्रश्न के अंत में दिए गए हैं ।*

*ग्राफ/रेखाचित्र जहाँ आवश्यक हों, उत्तर-पुस्तक में ही बनाएँ ।*

**Note :** *English version of the Instructions is printed on the front cover of this question paper.*